हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

हरियाणा निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हरियाणा के नगर निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार विजय के लिए राज्य के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार। इस जीत से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि जनता-जनार्दन का भाजपा-एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और सुशासन की नीतियों पर अटूट विश्वास है। यह विजय राज्य की डबल इंजन सरकार पर हरियाणा के लोगों के भरोसे का भी प्रतीक है। इस अवसर पर पार्टी के उन सभी कार्यकर्ताओं का मैं हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने भाजपा की इस जीत में अहम भूमिका निभाई है।

****

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए ख़रीफ की 14 फ़सलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला किया है।

श्री वैष्णव ने बताया कि सूरजमुखी के बीजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में छह सौ 22 रुपये प्रति क्विंटल, कपास के लिए 557 रुपये और तिल के लिए पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

****

जींद के संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन की संस्कृति को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

11 मई से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 18 मई तक चलेगी। प्रदर्शनी का समय प्रतिदिन प्रातः: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया है।

इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता पुस्तकों पर दी जा रही भारी छूट है। प्रदर्शनी की समन्वयक एवं महाविद्यालय की रजिस्ट्रार रितु रानी ने बताया-

****

हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशानुसार योग ओलंपियाड 2026 प्रतियोगिता के अंतर्गत आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पलवल,होडल,हथीन व हसनपुर ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सहायक शिक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने बताया कि खेल विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच योग अभ्यास,शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग ओलंपियाड 2026 का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता पहले खंड स्तर पर,फिर जिला स्तर पर और अंत में राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाडी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में भाग लेंगे।

****

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कल नई दिल्ली में कृषि मंत्री शिवराज चौहान से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न कृषि चुनौतियों से अवगत कराया तथा मूल्यवर्धित फसल खेती पर जोर दिया। श्री चौहान ने उन्हें आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार पंजाब के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कपास, दलहन, तिलहन और बागवानी अभियान के लिए केंद्र और पंजाब सरकार मिलकर काम करेंगी। उन्होंने संकर धान के बीजों के मुद्दे की जांच करने और राज्य में सुचारू खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष समिति का गठन करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित बीज विधेयक 2025 के तहत केंद्रीय बीज समिति में पंजाब के प्रतिनिधित्व की भी मांग की।

****

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो - सीबीआई ने कथित नीट-यूजी 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मंगिलाल बिवाल, दिनेश बिवाल, हरियाणा निवासी यश यादव और विकास के रूप में हुई है। चारों को जयपुर से गिरफ्तार कर कल मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। बाद में उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए दिल्ली भेज दिया गया।

जांच अधिकारियों के अनुसार, आरोपी यश यादव और विकास ने पहले राजस्थान के सीकर जिले के एक कोचिंग सेंटर में साथ पढ़ाई की थी। सीबीआई अब कोचिंग संस्थानों, बिचौलियों, छात्रों और आरोपियों से जुड़े अन्य व्यक्तियों के बीच संभावित संबंधों की जांच कर रही है।

इस बीच, जांच का दायरा और बढ़ गया है। एजेंसी उन आरोपियों के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों की भूमिका की भी जांच कर रही है जिन्होंने हाल ही में नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है।

****